# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

## -::प्रेस नोट::-

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2016 के सामान्य अभियोग्यता प्रश्न पत्र का आयोजन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सतना एवं सागर संभाग मुख्यालयों के 90 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 3:00 से 5:00 बजे तक ऑनलाईन विधि से दिनांक 20.08.2016 को किया गया। परीक्षा हेतु कुल–24471 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 17442 पंजीकृत थे जिसमें से 12837 उपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में 7029 पंजीकृत थे; जिसमें से 4376 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों की परीक्षा में कुल उपस्थिति 70 प्रतिशत रही। आयोग द्वारा परीक्षा के निरीक्षण हेतु प्रत्येक केन्द्र पर पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये तथा प्रत्येक संभाग मुख्यालयों पर आयोग के अधिकारियों ने भी परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा निर्विघ्न संपन्न हुई।

(डॉ. आर.आर.कान्हेरे)
परीक्षा नियंत्रक